SUBJECT: GEOGAPHY

CLASS :- B.A. Part I[st] (Hons.), PAPER: II[nd], UNIT: IV[th]
TOPIC: JAPAN – INDUSTRIAL REGIONS (Continue.....)
BY:– Dr. Sanjay Kumar, Assistant Professor, Dept. of Geography, D.B. College, Jaynagar, Madhubani, L.N.M.U., Darbhanga.
LECTURE No.-34 (Email:- sanjaykumar.phd@gmail.com)

(Lecture no. 33 Continue.....)

② कोबे - ओसाका प्रदेश –

यह जापान का सबसे बड़ा औद्योगिक प्रदेश है तथा यहाँ जापान के कुल औद्योगिक उत्पादन का 33% माल उत्पन्न किया जाता है। इस प्रदेश में सूती वस्त्र उद्योग प्राचीनकाल से ही विकसित हो गया है तथा आज यह जापान का सबसे बड़ा सूती वस्त्र उत्पादन क्षेत्र है। इस प्रदेश से जापान के कुल सूती वस्त्र उत्पादन का 58% भाग उत्पन्न किया जाता है। ओसाका इस प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक केन्द्र है जहाँ से जापान के कुल सूती वस्त्र उत्पादन का लगभग 37% भाग तैयार किया जाता है। प्रमुख सूती वस्त्र उत्पादन क्षेत्र होने के कारण ही ओसका पूरब का मैनचेस्टर (Manchester of the East) कहलाता है। कोबे इस प्रदेश का दूसरा प्रमुख औद्योगिक केन्द्र तथा सुन्दर बन्दरगाह है। क्यूटो इस प्रदेश का तीसरा प्रमुख औद्योगिक केन्द्र है। अन्य औद्योगिक नगरों में हिमेजी, नारा, सकाई, वाकायामा तथा टकाना है।

③ नागोया प्रदेश –

यह प्रदेश ओवारी खाड़ी के तटीय भाग में स्थित है। यह नोबी मैदान का प्रमुख औद्योगिक प्रदेश है जहाँ से जापान के कुल औद्योगिक उत्पादन का 13% माल तैयार किया जाता है। इस प्रदेश का सबसे प्रसिद्ध एवं विकसित उद्योग ऊनी वस्त्र

Scanned with CamScanner

उद्योग है। जापान के कुल ऊनी वस्त्र उद्योग का यहाँ 56% माल तैयार होता है। अन्य प्रमुख उद्योग-धन्धों में रेशमी वस्त्र, सूती वस्त्र, बर्तन बनाना, रासायनिक पदार्थ बनाना, इत्यादि उद्योग हैं। नागोया इस प्रदेश का मुख्य औद्योगिक केन्द्र है। योकाच्ची इस प्रदेश का मुख्य बन्दरगाह है जहाँ से आयात एवं निर्यात किया जाता है। अन्य औद्योगिक केन्द्रों में हामामात्सू, कबाना, गिफू, तशू, टेकेटोयो, टोयोहशी, आदि हैं।

④ नागासाकी – मौजी प्रदेश –

यह प्रदेश क्यूशू द्वीप के उत्तरी भाग में विस्तृत है। इसलिए इसे उत्तरी क्यूशू प्रदेश भी कहते हैं। यह नागासाकी नगर से मौजी नगर तक फैला है। इस प्रदेश से जापान के कुल औद्योगिक उत्पादन का 15% माल उत्पादन किया जाता है। इस प्रदेश की सबसे बड़ी सुविधा यह है कि कोयला यहाँ निकट ही चिकूजे तथा मिजे की खानों से मिल जाता है। लोहा अयस्क मंचूरिया आदि देशों से आसानी से आयात हो जाता है। इस प्रदेशों में लोहा एवं इस्पात उद्योग सबसे अधिक विकसित हो गया है। यह प्रदेश जापान के कुल कच्चा लोहा उत्पादन का 68% तथा इस्पात उत्पादन का 76% माल तैयार करता है। इस प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र नागासाकी, यावता, सासेव, करात्सू, फूकोका, मौजी, ओमूटा, कुमामोटू, नकाटशू आदि हैं। नागासाकी जापान का दूसरा प्रमुख जलयान निर्माणक केन्द्र है। अन्य उद्योग-धन्धों में काँच का सामान, रासायनिक पदार्थ, सीमेण्ट, कागज उद्योग तथा तेल शोधन कार्य प्रमुख हैं।

⑤ दक्षिणी होकैडो प्रदेश –

उपर्युक्त चारों औद्योगिक प्रदेशों के अलावा एक प्रमुख औद्योगिक प्रदेश इस औद्योगिक प्रदेश से बाहर होकैडो द्वीप में स्थित है। इसे दक्षिणी प्रदेश कहते हैं। यह जापान के कुल औद्योगिक उत्पादन का 5%

(Japan - Industrial Regions) Continue.... (Page: 04)

Scanned with CamScanner

माल तैयार करता है। गुरारा, ओहारु, सपारो, शुटेश तथा हैंकोडेट यहाँ के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र हैं। लोहा एवं इस्पात, कागज एवं लुग्दी, रासायनिक पदार्थ, सीमेण्ट, इत्यादि यहाँ के प्रमुख उद्योग हैं। मछली पकड़ना यहाँ का प्राचीन एवं प्रमुख उद्योग है। गुरारा तथा हैंकोडेट सबसे अधिक विकासित औद्योगिक केन्द्र हैं।

—x—x—x—

(Japan - Industrial Regions) (Page :- 05)

Scanned with CamScanner